<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक–12 ***फरवरी*** 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रयागराज महाकुंभ में कड़ी सुरक्षा के बीच आज **सुबह से शुरू** हुआ माघ पूर्णिमा स्नान, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कक्ष से की व्यवस्थाओं की निगरानी
- माघ पूर्णिमा पर प्रदेश सरकार ने किये हैं विशेष इंतजाम, श्रद्धालुओं की सुरक्षित वापसी के लिए रोडवेज की एक हजार दो सौ अतिरिक्त बसें ग्रामीण क्षेत्रों के लिए की गईं आरक्षित, चलाई जा रही हैं साढ़े सात सौ शटल बसें
- आज मनाई जा रही है संत रविदास जयंती, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को दी बधाई, कहा– समरस समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध करता है संत रविदास का जीवन दर्शन
- केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह आज ग्रेटर नोएडा में हस्तशिल्प मेले भारत टेक्स दो हजार पचीस का करेंगे शुभारंभ

**********

प्रयागराज में आज सुबह महाकुंभ का माघ पूर्णिमा स्नान शुरू हो गया। यह स्नान आज पूरे दिन चलेगा। इसके साथ ही महाकुंभ क्षेत्र में एक माह से रह रहे करीब दस लाख से अधिक कल्पवासी विशेष अनुष्ठान का समापन भी कर रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह अपने कक्ष से माघ पूर्णिमा स्नान की निगरानी की। आज के स्नान पर्व को देखते हुए प्रदेश सरकार ने विशेष यातायात व्यवस्था के साथ एक मजबूत सुरक्षा योजना लागू की है। प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने कहा है कि भीड़ के दबाव वाले सभी बिंदुओं पर विशेष प्रबंध किये गये हैं।

***हमारे चार स्नान पूरे हो गये हैं और यह पांचवा स्नान है। पांचवा स्नान में जो है हम लोगों की व्यापक प्रबंध है। सभी पार्किंग पे जो है विशेष पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा जो पिछले चार स्नान में हम लोगों ने देखा कि जहां जहां पर प्रेशर क्रियेट होता है उन सभी प्रेशर प्वाइंट पे भी विशेष प्रबंध किया गया है। जिसमें सीपीएमएफ की तैनाती की गई है और पीएसी की तैनाती की गई है। इसी प्रकार से जहां पे हम लोगों ने देखा कि क्राउड मूवमेंट में किसी प्रकार की दिक्कत हो रही है या भीड़ प्रबंधन में कोई दिक्कत हो रही है वहां भी विशेष प्रबंधन किया गया है, विशेष पुलिस बल को लगाया गया है।***

महाकुंभ में माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए कई विशेष इंतजाम किये गये हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***माघ पूर्णिमा के स्नान के लिए प्रशासन ने विशेष योजना बनाई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिये प्रदेश सरकार ने तैंतालिस अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा है। इसके साथ ही एक सौ पचीस एंबुलेंस, सात रिवर एंबुलेंस और एक एयर एंबुलेंस भी लगाई गई है। महाकुम्भनगर में दो हजार और एसआरएन हॉस्पिटल में सात सौ मेडिकल फोर्स को हाई अलर्ट पर रखा गया है। स्नान के लिये बड़ी संख्या में पहुंच रही भीड़ को देखते हुए विशेष यातायात योजना बनाई गई है। इसके तहत कल शाम पांच बजे से प्रयागराज शहर को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। कल सुबह चार बजे से पूरे मेला क्षेत्र में भी निजी गाडियों का आना–जाना वर्जित है। केवल आपातकालीन और आवश्यक सेवाओं को ही आवाजाही की अनुमति है। यह विशेष यातायात योजना माघ पूर्णिमा स्नान के समापन तक प्रभावी रहेगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक***

माघ पूर्णिमा स्नान के बाद श्रद्धालुओं की सुरक्षित घर वापसी के लिए रोडवेज की एक हजार दो सौ अतिरिक्त बसें ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आरक्षित की गई हैं। साथ ही प्रयागराज में बने अस्थाई बस स्टेशन से महाकुंभ के नजदीकी स्थान तक पहुंचाने के लिए साढ़े सात सौ शटल बसें चलाई जा रही हैं। परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि महाकुंभ के लिए तीन हजार पचास बसें पहले से ही आवंटित हैं। रेलवे द्वारा आज सत्तर से अधिक महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इन ट्रेनों का विवरण रेल मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी उपलब्ध है।

महाकुंभ मेले की शुरुआत तेरह जनवरी को हुई। कल शाम तक छियालिस करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मेघालय के राज्यपाल सी. एच. विजयशंकर और वरिष्ठ भाजपा नेता एवं लोकसभा सांसद मनोज तिवारी ने कल त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई और पूजा–अर्चना की। सांसद मनोज तिवारी ने व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए लोगों से महाकुंभ में आकर पवित्र स्नान करने की अपील की।

***एक भ्रांति फैल रही है कि सब जाम हो गया है। बिल्कुल कहीं कोई जगह नहीं है। ऐसा नहीं है। आप आइए महाकुंभ की व्यवस्था बहुत अच्छी है। सब लोग आए और जो बचे हुए दिन है महाकुंभ का स्नान करें।***

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में अलग अलग तीर्थस्थलों पर **भी श्रद्धालु आज** सुबह से ही माघ पूर्णिमा का स्नान कर रहे हैं। पीलीभीत जिले में शारदा नदी के धनाराघाट पर कुंभ की तर्ज पर बसी रामनगरिया में भोर से ही स्नान का क्रम जारी है। वहां कल्पवास कर रहे साधु संत महायज्ञ भी करवा रहे हैं। अयोध्या के सरयू नदी में श्रद्धालु स्नान कर वहां के मंदिरों में पूजा पाठ कर रहे हैं।

**********

महाकुंभ स्नान कर वापस लौट रहे लाखों श्रद्धालु वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या में श्रीरामलला मंदिर में दर्शन पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। वाराणसी जिले में आज करीब पचास लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कल से ही वहां श्रद्धालु स्नान करने के बाद तीन तीन किलोमीटर की लंबी कतार में लग कर बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन कर रहे हैं। काशी जोन के पुलिस उपायुक्त गौरव बंसवाल ने बताया कि वाराणसी में ड्रोन से घाटों की निगरानी की जा रही है।

***बैरिकेडिंग यहां घाटों पर की गई नगर निगम द्वारा। नमो घाट से लेकर के हमने दशाश्वमेध घाट तक हमने पूरा यहां बैरिकेडिंग की समीक्षा की है बोट के द्वारा। और ड्रोन से भी घाटों की निगरानी की जा रही है।***

अयोध्या जिले में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। अयोध्या धाम में कल दस लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। भारी भीड़ को देखते हुए वहां श्रीरामलला की श्रंगार आरती को सुबह पांच बजे करने का निर्णय लिया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के न्यासी डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि यह व्यवस्था अगले आदेश तक चलेगी। मंगला आरती के पासधारक भी इस आरती में शामिल हो सकते हैं।

**********

आज संत रविदास जयंती मनाई जा रही है। प्रदेश सरकार ने इस अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। वाराणसी जिले के सीर गोवर्धनपुर स्थित संत रविदास मंदिर में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंच रही **है।** संत रविदास के दर्शन के लिए पहुंचे लोगों की सुरक्षा के लिए वहां व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत रविदास महाराज की जयन्ती की पूर्व संध्या पर कल प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि सतगुरु रविदास जी की जन्मस्थली सीर गोवर्धन काशी में स्थित है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा है कि संत रविदास का जीवन दर्शन एवं उनके विचार सत्य व परोपकार के मार्ग पर चलने और समरस समाज के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध करते हैं।

**********

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह आज ग्रेटर नोएडा में भारत टेक्स–दो हजार पचीस का शुभारंभ करेंगे। इस हस्तशिल्प मेले के दूसरे संस्करण का आयोजन आज **से पंद्रह फरवरी** तक **इंडिया एक्सपो** सेंटर एण्ड मार्ट में किया जाएगा। इस मेगा इवेंट का आयोजन नई दिल्ली के भारत मंडपम में भी चौदह से सत्रह फरवरी तक किया जाएगा। इस आयोजन में पांच हजार से अधिक व्यापारियों, एक सौ दस से अधिक देशों के छह हजार से अधिक खरीदारों, और लगभग एक लाख से अधिक आगंतुकों के आने की उम्मीद है।

**********

अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अब तक इकतालिस पदक जीत लिए हैं। एथलीट मुनीता प्रजापति और जूडोका अभिषेक चौधरी ने कल हुई प्रतिस्पर्धा में कास्य पदक जीत लिया। प्रदेश की टीमों ने अब तक बारह स्वर्ण बारह रजत और सत्रह कांस्य पदक अपने नाम किए हैं।

**********